*प्रकाशित समाचार*

दिनांक : रविवार,29,नवंबर 2015

पृष्ठ संख्या :03

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP
Hyderabad

# ईसीआईएल ने किया इसरो के साथ करार




**हैदराबाद, 28 नवंबर-(मिलाप ब्यूरो)**

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (सैक) के साथ अर्थ स्टेशन्स के लिये आवश्यक मल्टी बैंड कम्पोजिट फीड सिस्टम्स के विकास हेतु समझौता किया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अहमदाबाद में आयोजित एक समारोह में ईसीआईएल के प्रबंध निदेशक तथा चेयरमैन टी. सुधाकर तथा सैक के निदेशक तपन मिश्रा ने करार पर हस्ताक्षर किये।

Largest Selling HINDI DAILY Published from Hyderabad
Member: INS, ABC, MRUC and ILNA
Read us online at: www.webmilap.com